Live हिन्दुस्तान .com

शराब की दुकान से पकड़ी गई 22 पेटी नकली शराब

वरिष्ठ संवाददाता,गोरखपुर

Last updated: Mon, 26 Feb 2018 12:24 PM

इस बार की होली में नकली शराब पिलने की भी बड़े पैमाने पर तैयारी शुरू हो गई है। शनिवार की रात आबकारी और पुलिस टीम ने इसी क्रम में नकली शराब की बरामद किया है। खोराबार थाना क्षेत्र के मोतीराम अड्डा के पास शिवपुर स्थित देशी शराब की दुकान से लाखों की नकली देशी शराब बरामद हुआ है। पुलिस ने दुकान के सेल्समैन को भी गिरफ्तार कर लिया है।

आबकारी अधिकारी आशीष तिवारी व खोराबार के प्रभारी एसओ वीरेंद्र बहादुर सिंह की टीम ने मोतीराम अड्डा के पास शिवपुर स्थित हरिहर निवासी बल्ली चौराहा भेसहा के देशी शराब की दुकान पर छापा डाला। यहां से 16 बोरे में बंद 22 पेटी नकली शराब और 675 शीशी लैला लेबल नकली शराब बरामद किया। इसके अलावा टीम ने 12 बोरा लैला स्टीकर मोहर व 19820 रुपये नकद भी बरामद किया। टीम ने दुकान से शराब के सेल्समैन शिवपुर निवासी जयराम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने इस मामले में 60(1),60(2),467,468,420,54 व 64 में दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी एसओ वीरेन्द्र बहादुर ने बताया कि शराब की कीमत एक लाख रुपये के करीब है। होली के त्योहार में देशी शराब की दुकान में रख कर बेचने के लिए लाई गयी थी।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/gorakhpur/story-22-peti-duplicate-liquor-caught-in-gorakhpur-1824349.html